an>

Title: Regarding alleged burning of a woman teacher in Wardha, Maharashtra.

श्री रामदास तडस (वर्धा): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के अंतर्गत 3 तारीख को एक घटना हुई है कि सुबह साढ़े सात बजे युवती अपने स्कूल में पढ़ाने के लिए जा रही थी, तो उसके ऊपर पेट्रोल डाला और उसको जला दिया। पूरे महाराष्ट्र में इससे हलचल मची।

मेरी आपसे विनती है कि युवती की आर्थिक परिस्थिति बहुत ही बेकार है, उसको आर्थिक मदद देनी चाहिए। यह केस जल्द से जल्द निकाय में लगना चाहिए और कड़ी से कड़ी शिक्षा दी जानी चाहिए। यह केस प्रसिद्ध अधिवक्ता उज्ज्वल निकम को देना चाहिए। मेरी आपसे विनती है कि महाराष्ट्र सरकार को इस विषय में शीघ्रता से कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करें, तथा भारत सरकार की ओर से पीड़ित युवती को उचित सहायता देने की कृपा करे।

-

श्री सय्यद ईमत्याज **ज़लील (औरंगाबाद):** माननीय अध्यक्ष महोदय, अभी हमारे सहयोगी ने मुद्दा उठाया कि महाराष्ट्र के वर्धा जिले में जिस महिला को जिन्दा जलाया गया, वह एक नौजवान लड़की थी। उसको एकतरफा प्रेम के कारण जिन्दा जला दिया गया। हमारी सहयोगी श्रीमती नवनीत राणा ने भी यह मुद्दा उठाया था। एक दिन के बाद औरंगाबाद, जो मेरा संसदीय क्षेत्र है, के सिल्लौड़ में रात के साढ़े ग्यारह बजे एक आदमी, जो बीयर बार चलाता है, वह एक महिला के घर पर गया और उस महिला के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने की बात की। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसके ऊपर गैस-तेल डालकर उसे जिन्दा

जला दिया । वह महिला 95 परसेंट तक जल चुकी है और जिन्दगी एवं मौत से जूझ रही है ।

मैं चाहूंगा कि संतोष नाम का आदमी, जो आरोपी है, जो बीयर बार चलाता है, कानून मंत्री जी आप यहाँ पर मौजूद हैं, हमने इससे पहले भी कहा है कि शराब की दुकानें कब तक चलाएंगे? वह आदमी बीयर बार चलाता था । जिस महिला की जान गई है, उस बेकसूर महिला का उससे कोई लेना-देना नहीं है, उसके घर में ज़बरदस्ती घुसकर उसे जिन्दा जला देता है । दो दिनों में इस तरह की लगातार दो घटनाएँ हुई हैं । हम सरकार से चाहेंगे कि जो भी आरोपी हैं, इन दोनों केसेज को फास्ट ट्रैक कोर्ट से चलाकर दोनों आरोपियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए । यह मेरी माँग है ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री **सय्यद** ईमत्याज **ज़लील** द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।